भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2911**

जिसका उत्तर दिनांक 10.07.2019 को दिया जाना है

**डब्ल्यूईसी के सहयोग से स्थापित जल-संयंत्र**

2911. श्री बालाशोवरी वल्लभानेनी :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वेस्टिंगहाउस इलेक्ट्रिक कंपनी (डब्ल्यूईसी) के सहयोग से आंध्र प्रदेश जल-संयंत्र (एलडब्ल्यूआर) स्थापित करने के परियोजना-प्रस्तावों को अंतिम रूप दे दिया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने मैं. ब्रुकफील्ड बिजनेस पार्टनर्स द्वारा डब्ल्यूईसी कंपनी को अधिगृहीत किए जाने के प्रावधान का इस परियोजना पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया है तथा इसमें कितना समय लगेगा या कितनी अधिक लागत होगी, यदि कोई है; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह):

(क) जी, नहीं । वर्तमान में, मेसर्स वेस्टिंगहाउस इलेक्ट्रिक कंपनी (डब्ल्यूईसी) के सहयोग से नाभिकीय विद्युत रिएक्टर स्थापित करने के लिए परियोजना प्रस्ताव पर पहुंचने हेतु तकनीकी-वाणिज्यिक चर्चा चल रही है ।

(ख) तथा (ग) डब्ल्यूईसी के अधिग्रहण से उत्पन्न विभिन्न मुद्दे चर्चा में शामिल किए गए हैं ।

*******